## न्यूज डायरी



### अब मेकांग नदी बनेगी चीन–अमेरिका के बीच जंग की वजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। साउथ चाइना सी में अधिपत्य को लेकर आमने सामने खड़े चीन और अमेरिका अब मेकांग नदी पर बने बांध को लेकर भिड़ सकते हैं। जुलाई में जारी चीनी सरकार के एक स्टडी में दावा किया गया है कि अमेरिका समर्थिक एक जांच में पूर्वी एशिया के निचले देशों में पानी के कम बहाव और सूखे को लेकर चीनी बांध को दोष दिया गया है। स्टडी में दावा किया गया है कि अमेरिका इस मुद्दे को लेकर अपने सहयोगी देशों के नाम पर चीन से उलझने की तैयारी कर रहा है। सिंघुआ विश्वविद्यालय और चीन के जल संसाधन संस्थान के साझा स्टडी में तर्क दिया गया है कि इस बांध से न केवल बरसात के दिनों में पानी को स्टोर किया जा सकता है, बल्कि गर्मी के दिनों में निचले देशों को इससे पानी की आपूर्ति भी की जा सकती है। चीन की मेकांग नदी युनान प्रांत से निकलकर म्यांमार, थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया और वियतनाम से होकर बहती है। लंबाई के हिसाब से मेकांग दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी नदी है।

### सूडान में भारी बारिश और बाढ़ से कई घर बर्बाद, बांध टूटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। सूडान के ब्लू नाइल प्रांत में सैकड़ों घरों के बाढ़ की चपेट में आने के बाद महिलाओं और बच्चों को भारी बारिश के बीच खुले में सोने पर मजबूर होना पड़ रहा है। यहां न उनके पास आश्रय है और न ही साफ पानी। सूडानी रेड क्रेसेंट ने कहा कि 1,00,000 लोगों की आबादी वाल बाउट कस्बा पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है जहां कम से कम 1,200 घर बर्बाद हो गए। वहीं, बगल के वेड अबुक नगर में भी 120 से अधिक घर तबाह हो गए। यहां के निवासी मुसाब शरीफ के मुताबिक क्षेत्र में ज्यादातर लोग इलाके में ही विस्थापित हुए हैं। हर साल आने वाली बाढ़ के प्रति संवेदनशील ये लोग कृषि पर जीविका के लिए निर्भर हैं। उसने कहा कि सैकड़ों परिवार शनिवार देर रात से ही बारिश के बीच खुले में सोने पर मजबूर हैं।

### चीन ने फिर दी ताइवान पर कब्जे की धमकी, कहा– सेना न भेजे अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। अमेरिका से पैट्रियॉट मिसाइल डील करने पर भड़के चीन ने ताइवान पर फिर कब्जे की धमकी दी है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के वरिष्ठ कर्नल रेन गुओकियांग ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे पास ताइवान पर सैन्य कार्रवाई करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने ट्रंप सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना को ताइवान के साथ युद्धाभ्यास के लिए भेजना चीन को चुनौती देना है। चीनी कर्नल ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले से दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इससे न केवल ताइवान स्ट्रेट में शांति को खतरा होगा बल्कि यह पूरी तरह से गलत और अस्वीकार्य है। दोनों देशों के बीच साउथ चाइना सी, उइगुर, और एम्बेसी को बंद करने को लेकर विवाद पहले से ही चरम पर है। ऐसे में ताइवान में अमेरिकी सेना की उपस्थिति से चीन और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ सकता है।

### ओली–प्रचंड की बैठक, सत्ता साझेदारी पर समझौते की कोशिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और सत्तारूढ़ नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड सोमवार यानी आज फिर बातचीत करने जा रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच रविवार को तीन घंटे तक चली बैठक बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई थी। माना जा रहा है कि इस दौरान ओली कैबिनेट में प्रचंड समर्थक नेताओं की भागीदारी को लेकर सहमति बन सकती है। नेपाली मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री ओली के प्रेस सलाहकार सूर्या थापा ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। इसे लेकर चर्चा हुई कि पार्टी के सचिवालय, स्थाई समिति या केन्द्रीय समिति की बैठक बुलायी जाए। बैठक में पार्टी की आमसभा बुलाने को लेकर भी चर्चा हुई।

# अफगानिस्तान में जेल पर आईएस के आतंकियों का हमला

मुठभेड़

## 13 घंटे से मुठभेड़ जारी, अब तक 21 की मौत



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी नांगरहार प्रांत में स्थित जलालाबाद की जेल पर रविवार रात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के हमले में अबतक 21 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, अफगान सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया है। अफगान मीडिया के अनुसार, हमले के 13 घंटे बाद भी आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है।

**जेल में सैकड़ों की संख्या में आईएस आतंकी बंदः** रिपोर्ट्स के अनुसार, इस जलालाबाद की जेल में इस्लामिक स्टेट के सैकड़ों आतंकी बंदी हैं। उन्हीं को छुड़ाने के लिए आतंकियों ने योजनाबद्ध तरीके से हमले को अंजाम दिया है। नांगरहार प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्लाह खोग्यानी ने बताया कि जेल परिसर में रूक–रूक के गोलीबारी हो रही है। मृतकों में जेल के कुछ कैदियों के अलावा आम नागरिक, जेल के गार्ड और अफगान सुरक्षा कर्मी शामिल हैं।

**रविवार को आत्मघाती हमले के बाद शुरू हुआ था मुठभेड़ः** नांगरहार की राजधानी जलालाबाद में एक कारागार के प्रवेश द्वार पर आत्मघाती कार बम विस्फोट के साथ यह हमला शुरू हुआ था। इसके बाद कई हमलावरों ने अफगान के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। हमलावरों की संख्या कितनी है, यह अभी तक साफ नहीं हो सका है। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध एक संगठन ने ली है जिसे खुरासान प्रांत में आईएस के नाम से जाना जाता है। इस आतंकवादी संगठन का मुख्यालय नांगरहार प्रांत में है।

**हमले की आड़ में कई कैदी जेल से फरारः** एक प्रांतीय अधिकारी ने बताया कि हमले के चलते कई कैदी जेल से भाग गए। जेल पर हमले का कोई कारण अभी साफ नहीं है। वैसे जेल में 1,500 कैदी हैं जिनमें से बड़ी संख्या में आईएस से जुड़े हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यहां पर कोई विशिष्ट कैदी तो बंद नहीं है जिसे छुड़ाने के लिए यह हमला किया गया हो। अफगान खुफिया एजेंसी ने एक दिन पहले ही बताया था कि अफगान विशेष बलों ने जलालाबाद के निकट आईएस के एक शीर्ष आतंकी कमांडर को मार गिराया है।

**तालिबान ने हमले में हाथ होने से किया इनकार**

तालिबान के राजनीतिक प्रवक्ता सुहेल शाहीन ने बताया कि जलालाबाद जेल हमले में उनका समूह शामिल नहीं है। अमेरिका ने तालिबान के साथ फरवरी में शांति समझौता किया था। उन्होंने कहा कि हमारा संघर्ष विराम चल रहा है और देश में कहीं भी इस तरह के हमले में हम शामिल नहीं हैं। तालिबान ने ईद के मद्देनजर शुक्रवार से तीन दिन के संघर्ष विराम का ऐलान किया था।

## लड़कियों के शॉर्ट स्कर्ट पर प्रतिबंध लगाएगा यह देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नामपेन्ह। पूर्वी एशियाई देश कंबोडिया की संसद में लड़कियों के शॉर्ट स्कर्ट पहनने और पुरुषों के शर्टलेस होने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पेश हुआ है। इस प्रस्ताव का समर्थन करने वाले सांसदों ने कहा है कि इससे न केवल समाज में बढ़ती यौन हिंसा पर रोक लगेगी बल्कि कंबोडियाई संस्कृति भी मजबूत होगी। अगर यह प्रस्ताव संसद में पारित हो जाता है तो स्थानीय पुलिस को ऐसे कपड़े पहनने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार मिल जाएगा। अगर इस प्रस्ताव को कंबोडिया के कई सरकारी मंत्रालयों और राष्ट्रीय संसद से अनुमोदन मिल जाता है तो 2021 के शुरुआत से इसे लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद अगर कोई पुरुष सार्वजनिक स्थानों पर शर्टलेस दिखाई दिया या कोई महिला/लड़की शॉर्ट स्कर्ट में दिखाई दी तो उनपर जुर्माना लगाया जाएगा। इस प्रस्ताव के आलोचकों ने कहा है कि इसका इस्तेमाल सामाजिक रूप से रूढ़िवादी देश में महिलाओं को नियंत्रित करने और उन्हें उत्पीड़न करने के लिए किया जा सकता है। कंबोडियन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स चौरिटी के कार्यकारी निदेशक चक सोपे ने कहा कि हाल के महीनों में कंबोडियाई सरकार में शामिल कई लोगों ने महिलाओं के कपड़ों को लेकर कई विवादित बयान दिए हैं।





**बाढ़-बारिश और तूफान, प्रकृति के कहर से चीन बेहाल**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन इन दिनों प्रकृति के कहर से जूझ रहा है। लगातार हो रही भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से 1 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। जिसके बाद करीब 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। वहीं, पूर्वी चीन में सोमवार को तूफान के कारण भारी बारिश की संभावना के चलते संवेदनशील तटीय क्षेत्रों को खाली कराया जा रहा है। तूफान हागूपिट में सुबह 90 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार की हवाएं चलीं और यह 25 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि हागूपिट तूफान झेजियांग और फुजियान प्रांतों के बीच समुद्र तट से टकरा सकता है। इसका असर शंघाई में भी महसूस हो सकता है।

## अमेरिका में टिकटॉक को डोनाल्ड ट्रंप ने दिया 45 दिन का अल्टीमेटम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के ऐप टिकटॉक को माइक्रोसॉफ्ट के साथ डील करने के लिए 45 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा है कि डील न होने की दशा में टिकटॉक और वीचैट समेत चीन के कई ऐप्स और साफ्टवेयर्स पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। माइक्रोसॉफ्ट ने रविवार को पुष्टि की कि वह चीनी कंपनी बाइटडांस से उसके लोकप्रिय वीडियो ऐप टिकटॉक की अमेरिकी शाखा को अधिग्रहीत करने की बातचीत कर रही है। साथ ही कहा कि उसने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ऐसी खरीद के संबंध में सुरक्षा और सेंसरशिप को लेकर उनकी चिंताओं पर चर्चा की है।

ऑस्ट्रेलिया और जापान में भी टिकटॉक के खिलाफ जांच शुरू

**इन देशों में टिकटॉक का मालिकाना हक खरीदेगा माइक्रोसॉफ्टः** एक बयान में कंपनी ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट और बाइटडांस ने अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में टिकटॉक की सेवा का मालिकाना हक और उसके संचालन संबंधी एक समझौता करने की अपनी मंशा को लेकर एक नोटिस दिया है। कंपनी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह बातचीत 15 सितंबर तक पूरी हो जाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह जल्द ही अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा देंगे।

**ट्रंप और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने बातचीत की**

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि ट्रंप और सीईओ सत्य नडेला ने बातचीत की है और उनकी बातचीत के बाद माइक्रोसॉफ्ट टिकटॉक के अमेरिकी परिचालन को खरीदने की प्रक्रिया पर बात जारी रखने के लिए तैयार है। माइक्रोसॉफ्ट के बयान में कहा गया, माइक्रोसॉफ्ट राष्ट्रपति की चिंताओं पर ध्यान देने के महत्व को पूरी तरह समझती है। वह टिकटॉक का अधिग्रहण पूरी सुरक्षा समीक्षा तथा अमेरिका को उचित आर्थिक लाभ उपलब्ध कराने के बाद ही करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चीन से भागे वैज्ञानिक का दावा, ड्रैगन ने मिलिट्री लैब में बनाया था कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। चीन प्रशासित हॉन्ग कॉन्ग से भागकर अमेरिका पहुंची हॉन्ग कॉन्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की सीनियर वायरोलॉजिस्ट डॉ ली मेंग यान ने दावा किया है कि कोरोना वायरस को चीन के मिलिट्री लैब में बनाया गया था। उन्होंने इस खतरनाक वायरस के चीन के वेट मार्केट से उत्पत्ति संबंधी धारणाओं को भी खारिज कर दिया। उनके दावों से चीन ने साफ इनकार किया है। ताइवानी समाचार एजेंसी ल्यूड प्रेस के साथ एक लाइव–स्ट्रीम साक्षात्कार के दौरान डॉ ली मेंग यान ने कहा कि जब यह महामारी फैलनी शुरू हुई तब मैंने स्पष्ट रूप से मूल्यांकन किया था कि यह वायरस चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की एक सैन्य प्रयोगशाला से आया था। इसको छिपाने के लिए वुहान वेट मार्केट की कहानी बुनी गई थी।

डॉ ली मेंग यान ने दावा किया कि जब उन्होंने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी तब उन्होंने इसे गंभीरता से न लेते हुए अनदेखा कर दिया। उन्होंने दावा किया कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए उनके रिपोर्ट को खारिज करना मुश्किल होगा।